महत्वपूर्ण/बैठक दिनांक 15-01-2014

संख्या-21/37/84-डे0ई0-14-नि0-16/2004

प्रेषक,

राम मोहन सक्सेना,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 13 जनवरी, 2014

विषय:- उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के माध्यम से दवा का व्यवसाय संचालन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-932/डब्लू0बी0/बत्तीस-2013, दिनांक 23-09-2013 एवं पत्र संख्या-271स्था0एस0, दिनांक 31-10-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व में कुकिंग गैस, मिट्टी का तेल, दवा तथा पेट्रोल/पेट्रोलियम पदार्थ के व्यवसाय की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्या-406/29-10-2004-नि0-16/2004, दिनांक 02 जुलाई, 2004 द्वारा निम्नानुसार समिति गठित की गयी थी:-

1-	**विशेष सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग**	**अध्यक्ष**
2-	**अधिशासी निदेशक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम**	**सदस्य**
3-	**उपसचिव, खाद्य तथा रसद विभाग**	**सदस्य**
4-	**वित्त नियंत्रक, खाद्य आयुक्त कार्यालय**	**सदस्य**
5-	**उपनिदेशक,(व्यापार)उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम**	**सदस्य/संयोजक**

2- अतएव आपके पत्र दिनांक 23-09-2013 एवं 31-10-2013 में किये गये अनुरोधानुसार उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के माध्यम से एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ, मेडिकल कालेज लखनऊ/झाँसी/आगरा में दवा का व्यवसाय प्रारम्भ किये जाने हेतु व्यापारिक सहयोगी के चयन आदि के संबंध में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष संख्या-52 नवीन भवन में दिनांक 15-01-2014 को अपरान्ह 4.00 बजे आहूत की गयी बैठक में समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित प्रश्नगत बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राम मोहन सक्सेना)
विशेष सचिव।

------2/-

http://sfsanadesh.up.nic.in/

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग।

2- निजी सचिव, विशेष सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग।

3- अनुसचिव (श्री धर्म चन्द्र पाण्डेय) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त बैठक में सदस्य के रूप में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

4- वित्त नियंत्रक, खाद्य आयुक्त कार्यालय जवाहर भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि बैठक में सुनिश्चित तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

5- उपनिदेशक(व्यापार), उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रकरण से संबंधित समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(राम मोहन सक्सेना)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/